रजिस्ट्री सं० डी (डी) 73 REGISTERE No D(D)-73

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 50] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 13, 1975/अग्रहायण 22, 1897
No. 50] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 13, 1975/AGRAHAYANA 22, 1897

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

आदेश

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर, 1975

का० आ० 5231.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 349-निधौली कलां निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री चन्द्र भान सिंह (निधौली कलां) ग्राम व डा० निधौली कलां जिला एटा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे है;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री चन्द्र भान सिंह (निधौली कलां) को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/349/74(306)]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

ORDER

New Delhi, the 20th October, 1975

S.O. 5231.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Chandra Bhan Singh (Nidhauli Kalan), Village & P.O. Nidhauli Khan, District Etah, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 349-Nidhauli Kalan assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Chandra Bhan Singh to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/349/74(306)]

आदेश

का० आ० 5232.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 349-निधौली कलां निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार

श्री राजवीर सिंह ग्राम व डाकघर त्रिलोकपुर, जिला एटा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राजवीर सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/349/74(307)]

ORDER

S.O. 5232.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Rajvir Singh, Village and Post Office Tilokpur, District Etah, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 349-Nidhauli Kalan assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Rajvir Singh to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/349/74(307)]

आदेश

का० आ० 5233.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टूंडला (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री बाबू, ग्राम नगरुआ, पो० आ० हिरनगऊ, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री बाबू को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/354/74(308)]

ORDER

S.O. 5233.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Babu, Village Nagarua, Post Office Hiran Gau, District Agra, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla (SC) assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Babu to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(308)]

आदेश

का० आ० 5234.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टूंडला (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री बाबू राम, मकान नं० 21-गढ़ी पुरानी, पो० आ० हिम्मतपुर, फिरोजाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री बाबू राम को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/354/74(309)]

ORDER

S.O. 5234.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Babu Ram, House No. 21-Garhi Purani, Post Office Himmatpur, Firozabad, District Agra, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla (SC), assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Babu Ram to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(309)]

आदेश

का० आ० 5235.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टूंडला (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री रंजन लाल, 436-नई बस्ती, फिरोजाबाद जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री रंजन लाल को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/354/74(310)]

ORDER

S.O. 5235.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Rajan Lal, 436-Nai Basti Firozabad Agra, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla (SC) assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Rajjan Lal to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(310)]

आदेश

का० आ० 5236.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टूंडला (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री राजा राम सिंह, ग्राम गुधाई थाना नरखी, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राजा राम सिंह को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/354/74(311)]

ORDER

S.O. 5236.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Raja Ram Singh, Village Gondhai, Police Station Narkhi, District Agra, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla (SC) assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Raja Ram Singh to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(311)]

आदेश

का० आ० 5237.—यतः निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टूंडला (अ०जा०) निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री राम सिंह नागर, 13/183, नाला बुधान सैयद, थाना हरी पर्वत, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यतः उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक् सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री राम सिंह नागर को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/354/74(312)]

ORDER

S.O. 5237.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Ram Singh Nagar, 13/183, Nala Budhan Saiyad, Thana Hari Parbat, District Agra, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla (SC), assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Ram Singh Nagar to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament

or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(312)]

आदेश

का० आ० 5238.--यत: निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टुंडला (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री सूबेदार, ग्राम नगला अमान नैपई, जिला आगरा, उत्तर प्रदेश लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और यत: उक्त उम्मीदवार ने उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है और निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अत: अब उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री सूबेदार को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निर्रहित घोषित करता है।

[सं० उ०प्र०-वि०स०/354/74(313)]

ORDER

S.O. 5238.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Subedar, Village Nagla Aman Naipai, District—Agra, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla (SC) assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Subedar to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(313)]

आदेश

का० आ० 5239.--यत:, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 354-टुंडला (अ०जा०) निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री हीरा लाल, 598, जलेसर रोड, फिरोजाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का कोई भी लेखा दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, यत: उक्त उम्मीदवार ने, उसे सम्यक सूचना दिये जाने पर भी, अपनी इस असफलता के लिए कोई कारण अथवा स्पष्टीकरण नहीं दिया है, और, निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायौचित्य नहीं है;

अत: अब, उक्त अधिनियम की धारा 10क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री हीरा लाल को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निर्रहित घोषित करता है।

[सं०उ०प्र०वि०स०/354/74(314)]

ए० एन० सैन, सचिव

ORDER

S.O. 5239.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Hira Lal, 598—Jalesar Road, Firozabad, Agra—Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U.P. Legislative Assembly from 354-Tundla(SC), assembly constituency, has failed to lodge an account of his election expenses as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

And whereas, the said candidate even after due notice has not given any reason or explanation for the failure and the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Hira Lal to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/354/74(314)]

A. N. SEN, Secy.

विधि न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

(कम्पनी कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 25 नवम्बर, 1975

का० आ० 5240.--एकाधिकार एवं निर्बन्धनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 (1969 का 54) की धारा 26 की उप-धारा (3) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा मैसर्स उन्नाटी कारपोरेशन के कथित अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकरण (पंजीकरण प्रमाण-पत्र संख्या 501/70 दिनांक 11 नवम्बर 1970) के निरस्तीकरण की अधिसूचित करती है।

[संख्या 9/1201/70-एम० 2]

एम० सी० वर्मा, उप-सचिव

MINISTRY OF LAW, JUSTICE & COMPANY AFFAIRS

(Department of Company Affairs)

New Delhi, the 25th November, 1975.

S.O. 5240.—In pursuance of sub-section (3) of section 26 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969 (54 of 1969), the Central Government hereby notifies the cancellation of the registration of M/S UNNATI CORPORATION under the said Act (Certificate of registration No. 501/70 dated the 11th November, 1970).

[F. No. 9/1201/70-M. II]

M. C. VARMA, Dy. Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व और बीमा विभाग)

नई दिल्ली, 17 सितम्बर, 1975

आयकर

का० आ० 5241.—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री वी० के० गुप्ता को जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है ।

2. अधिसूचना सं० 606 (फा०सं० 404/133/74-आई टी सी सी) तारीख 2 मई, 1974 द्वारा की गई श्री के०के० राय की नियुक्ति उस तारीख से रद्द की जाती है जिस तारीख को श्री वी०के० गुप्ता कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करेंगे ।

3. यह अधिसूचना तुरंत प्रवृत्त होगी ।

[सं० 1083 (फा०सं० 404/103/75-आई टी सी सी)]

वी० पी० मित्तल, उपसचिव ।

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue and Insurance)

INCOME-TAX

New Delhi, the 17th September, 1975

S.O. 5241.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri V. K. Gupta, who is a Gazetted Officer of the Central Government, to exercise the powers of Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri K.K. Raj made in Notification No. 606 (F. No. 404/133/74-ITCC) dated 2nd May, 1974 is cancelled with effect from the date Shri V. K. Gupta takes over as Tax Recovery Officer.

3. This Notification shall come into force with immediate effect.

[No. 1083 (F. No. 404/103/75-ITCC)]

V. P. MITTAL, Dy. Secy.

बीमा

नई दिल्ली, 21 नवम्बर, 1975

का० आ० 5242.—केन्द्रीय सरकार की राय है कि साधारण बीमा कारबार को और अधिक दक्षतापूर्वक चलाने के लिए ऐसा करना आवश्यक है;

अतः, केन्द्रीय सरकार, साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 (1972 का 57) की धारा 16 की उपधारा (1) के खण्ड (छ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, बीमाकर्ताओं के अधीन सेवा कर रहे अधिकारियों के वेतनमान और सेवा के अन्य निबन्धनों और शर्तों के सुव्यवस्थीकरण के लिए उपबन्ध करने हेतु निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(1) इस स्कीम का नाम साधारण बीमा (अधिकारियों के वेतनमानों और सेवा की अन्य शर्तों का सुव्यवस्थीकरण) स्कीम, 1975 है ।

(2) यह 1975 के सितम्बर के प्रथम दिन प्रवृत्त होगी ।

2. लागू होना.—इसमें सम्मिलित उपबन्ध निम्नलिखित सभी अधिकारियों को लागू होंगे, अर्थात्:—

(i) जो भारतीय बीमा कम्पनियों में से किसी में या किसी विद्यमान बीमाकर्ता के अधीन, 31 दिसम्बर, 1972 को पूर्णकालिक अधिकारियों के रूप में पुष्ट हो गए थे;

(ii) जो भारतीय बीमा कम्पनियों में से किसी में या किसी विद्यमान बीमाकर्ता के अधीन 31 दिसम्बर, 1972 को पूर्णकालिक अस्थायी अधिकारी थे और इस स्कीम के आरम्भ के पूर्व पुष्ट हो गए थे;

(iii) जो इस स्कीम के आरम्भ के पूर्व भारतीय बीमा कम्पनियों में से किसी में या निगम में आमेलित कर लिए गए हैं या जिनकी सेवाएं उनमें से किसी को अन्तरित कर दी गई हैं;

(iv) जो भारतीय बीमा कम्पनियों में से किसी की या निगम की सेवा में 1 जनवरी, 1973 को या उसके पश्चात् सम्मिलित हुए थे और इस स्कीम के आरम्भ के पूर्व अधिकारी के रूप में पुष्ट हो गए थे;

(v) जो इस स्कीम के आरम्भ पर निगम के या कम्पनी के पूर्णकालिक अस्थायी अधिकारी या परिवीक्षाधीन अधिकारी हैं,

किन्तु यह स्कीम निम्नलिखित व्यक्तियों को लागू नहीं होगी, अर्थात्:—

(क) जो भारतीय बीमा कम्पनियों में से किसी में या निगम में प्रतिनियुक्त हैं और जिन्होंने इस स्कीम के आरम्भ के पूर्व अपने मूल कार्यालय वापस लौटने का निश्चय किया था अथवा वापस लौटा दिए गए थे;

(ख) जिन्हें नियोजन की विनिर्दिष्ट संविदा के अधीन नियोजित किया जाए;

(ग) जो अंशकालिकतः नियोजित हैं;

(घ) इस स्कीम के आरम्भ के पूर्व जो सेवानिवृत्त हो गए थे, या पदत्याग कर चुके थे, या जिनकी सेवाएं पर्यवसित कर दी गई थीं ।

3. परिभाषाएं.—इस स्कीम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 (1972 का 57) अभिप्रेत है;

(ख) "आधारी वेतन" से, यथास्थिति, प्रथम अनुसूची, या द्वितीय अनुसूची, या तृतीय अनुसूची में निर्दिष्ट आधारी वेतन अभिप्रेत है—

(ग) "बोर्ड" से निगम का निदेशक बोर्ड अभिप्रेत है;

(घ) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है—

(i) निगम के सम्बन्ध में, अध्यक्ष या प्रबन्ध निदेशक; और

(ii) कम्पनी के सम्बन्ध में, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक;

(ङ) "कम्पनी" से, नेशनल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, दि न्यू इण्डिया एश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, दि ओरियन्टल फायर एण्ड जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, या दि युनाइटेड इण्डिया फायर एण्ड जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड, अभिप्रेत है;

(च) "निगम" से अधिनियम की धारा 9 के अधीन गठित भारत का साधारण बीमा निगम अभिप्रेत है;

(छ) "विद्यमान बीमाकर्ता" से भारतीय बीमा कम्पनी से भिन्न बीमाकर्ता अभिप्रेत है जिसके अधिकारी किसी ऐसी भारती

बीमा कम्पनी में अधिकारी बन गए हैं जिसमें उस बीमाकर्ता का उपक्रम या उपक्रम का वह भाग, जिससे कि वे अधिकारी सम्बन्धित हैं, अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के अधीन निहित हो गया है;

(ज) "विद्यमान वेतनमान" से, अधिकारी द्वारा नए वेतनमान के अधीन उसका वेतन नियत किए जाने के पूर्व, के वह वेतनमान अभिप्रेत है जिसमें वह वेतन ले रहा था;

(झ) "सकल उपलब्धियां" से अभिप्रेत है आधारी वेतन, महंगाई भत्ता, गृह भाटक भत्ता और नगर प्रतिकरात्मक भत्ता ;

(ञ) "नया वेतनमान" से प्रथम, द्वितीय और तृतीय अनुसूची में दिया गया वेतनमान अभिप्रेत है;

(ट) "नए निबन्धनों" से,—

(i) केन्द्रीय सरकार द्वारा अध्यक्ष या प्रबन्ध निदेशक या अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए अधिकारी के सम्बन्ध में, प्रथम अनुसूची में उपवर्णित वेतनमान और अन्य भत्ते; अभिप्रेत है ;

(ii) (क) साधारण प्रबन्धक या सहायक साधारण प्रबन्धक या प्रबन्धक या उस प्रबन्धक या सहायक प्रबन्धक या प्रशासनिक अधिकारी, या सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वर्गीकृत अधिकारियों के सम्बन्ध में, द्वितीय अनुसूची में;

(ख) कनिष्ठ अधिकारियों के रूप में वर्गीकृत अधिकारी के सम्बन्ध में, तृतीय अनुसूची में, यथावर्णित वेतनमान, महंगाई भत्ता और अन्य भत्ते, अभिप्रेत हैं ।

(ठ) "अधिकारी" से इस स्कीम के आरम्भ के पूर्व भारत में नियुक्त किया गया और भारत में अथवा भारत के बाहर पर्यवेक्षीय, लिपिकीय या अधीनस्थ हैसियत से भिन्न हैसियत में सेवारत, और अनुसूचियों में निर्दिष्ट पदों में से किसी को धारण करने वाले के रूप में वर्गीकृत कर्मचारी अभिप्रेत है, किन्तु इसमें बोर्ड द्वारा नियुक्त की गई समिति द्वारा विकास कर्मचारिवृन्द के सदस्य के रूप में घोषित कर्मचारी सम्मिलित नहीं है;

(ड) "वर्तमान सकल उपलब्धियां" से, अधिकारी द्वारा वर्तमान वेतनमान में, पैरा 4 के उपपैरा (1) के अधीन उसके द्वारा किए गए विकल्प की तारीख पर, ली गई सकल उपलब्धियां अभिप्रेत हैं, जिनमें वेतन, गृह भाटक भत्ता, नगर प्रतिकरात्मक भत्ता, अर्हता वेतन, पहाड़ी आस्थान भत्ता, भोजन भत्ता, नकद में संदत्त भोजन भत्ता और विकास भत्ता सम्मिलित है तथा अन्य नियत नकद भत्ते जैसे कि वे 1 जनवरी, 1973 को देय हों, तथा कोई अन्य भत्ता, जो बोर्ड केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से अवधारित करे, भी आते हैं;

(ढ) "वर्तमान सकल वेतन" से, अधिकारी द्वारा विद्यमान वेतनमान में, पैरा 4 के उपपैरा (1) के अधीन उसके द्वारा किए गए विकल्प की तारीख पर, लिया गया सकल वेतन अभिप्रेत है, जिसमें आधारी वेतन, तदर्थ विशेष वेतन, वैयक्तिक वेतन, प्रतिनियुक्ति भत्ता, महंगाई भत्ता, या कोई अन्य भत्ता, जो महंगाई भत्ते की किस्म का हो, तथा अन्तरिम साहाय्य भत्ता, सम्मिलित हैं;

(ण) "अनुसूची" से इस स्कीम से उपावद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ।

(त) "विशेष वेतन" से अभिप्रेत है पद या कर्मचारी की परिलब्धियों में,—

(i) कर्त्तव्यों की विशेष कठिन प्रकृति के आधार पर; या

(ii) कार्य या उत्तरदायित्व में विनिर्दिष्ट रूप से वृद्धि के आधार पर,

वेतन की प्रकृति की अतिरिक्त रकम ।

4. अधिकारियों के वेतन और भत्ते—(1) वेतनमान और अन्य भत्ते प्रथम, द्वितीय और तृतीय अनुसूची में उल्लिखित के अनुसार होंगे।

(2) प्रत्येक अध्यक्ष और अध्यक्ष से भिन्न प्रत्येक अधिकारी, इस स्कीम के आरम्भ से नब्बे दिन के भीतर, यथास्थिति, केन्द्रीय सरकार को या अध्यक्ष को, कार्यालय के प्रधान की मार्फत सम्बोधित लिखित सूचना द्वारा, वह तारीख विनिर्दिष्ट करेगा जिससे नए निबन्धन उस पर लागू किए जाएं :

परन्तु यह कि—

(क) पैरा 2 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अधिकारी की दशा में, वह तारीख या तो 1 जनवरी, 1973 या कोई पश्चात्वर्ती तारीख, किन्तु इस स्कीम के आरम्भ की तारीख से अपश्चात्वर्ती तारीख, होगी;

(ख) उस पैरा के खण्ड (ii) से (v) में निर्दिष्ट अधिकारी की दशा में, वह तारीख या तो उस अधिकारी की पुष्टि की तारीख होगी या आमेलन की तारीख ।

(3) (क) जहां अधिकारी द्वारा उपपैरा (1) के अधीन विनिर्दिष्ट तारीख इस स्कीम के आरम्भ से पूर्वतर तारीख हो वहां ऐसा अधिकारी ऐसी तारीख से आरम्भ और इस स्कीम के आरम्भ की तारीख से पूर्ववर्ती दिन को समाप्त अवधि के लिए, नए निबन्धनों और वर्तमान सकल उपलब्धियों के बीच अन्तर की राशि संदत्त की जाएगी ।

(ख) जहां खण्ड (क) में निर्दिष्ट अवधि के दौरान किसी अधिकारी ने छुट्टी के किसी भाग के बदले में नकद संदाय लिया हो वहां ऐसे अधिकारी से ऐसे संदाय के रूप में प्राप्त की गई कोई भी रकम लौटाने की अपेक्षा नहीं की जाएगी।

(ग) जहां खण्ड (क) में निर्दिष्ट अवधि के दौरान ऐसा अधिकारी उस पद से, जिस पर वह सामान्यतया नियोजित था, भिन्न पद, धारण कर रहा था या स्थायी प्रकृति का कोई भत्ता पा रहा था, वहां वह वेतनमान सकल उपलब्धियां, जो वह उस पद पर पाता जिस पर कि वह सामान्यतः नियोजित था, इस पैरा और पैरा 6 के प्रयोजन के लिए गणना में ली जाएंगी।

5. कतिपय अधिकारियों का प्रवर्गीकरण :—(1) यदि तब तक किन्हीं अधिकारियों का प्रवर्गीकरण नहीं किया गया हो तो इस स्कीम के आरम्भ की तारीख से दो मास के भीतर बोर्ड द्वारा नियत समिति ऐसे अधिकारियों को सहायक प्रशासनिक अधिकारियों के रूप में प्रवर्गीकृत करेगा ।

(2) जहां अधिकारी को उपपैरा (1) के अधीन सहायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाये तो वह कनिष्ठ अधिकारी के रूप में वर्गीकृत किया जायेगा ।

6. नियतन की पद्धति :—(1) जिस प्रवर्ग में किसी अधिकारी को आरम्भतः रखा जाये उसके सम्बन्ध में प्रत्येक अधिकारी का वेतन नए

वेतनमान में उतनी उस क्रम पर नियत किया जायेगा जितनी पर अधिकारी वेतन और महंगाई के भत्ते का योग ऐसे अधिकारी द्वारा नियतन की तारीख को लिये जा रहे वर्तमान सकल वेतन तथा पचास रुपये की राशि के योग के समतुल्य हो, और यदि इस प्रकार से अवधारित राशि सुसंगत में किसी आयाम के समतुल्य नहीं है तो उक्त सुसंगत वेतनमान में ठीक अगले आयाम पर नियत किया जायेगा।

(2) यदि किसी अधिकारी का उपपैरा (1) के अधीन आधारी वेतन अवधारित करने में वेतन वेतनमान के अधिकतम से अधिक पर नियत होता है तो वेतन अधिकतम पर नियत किया जायेगा या यदि वेतन वेतनमान के न्यूनतम से कम पर नियत होता है तो न्यूनतम पर नियत किया जायेगा ।

(3)(क) जहां किसी अधिकारी के संबंध में नियतन की तारीख को अवधारित सकल उपलब्धियां वर्तमान सकल उपलब्धियों से कम हैं तो उसे नीचे विनिर्दिष्ट तीन अनुकल्पों में से निम्नतम राशि वैयक्तिक वेतन के रूप में संदत्त की जायेगी, अर्थात् :--

(i) उसकी वर्तमान सकल उपलब्धियां इस प्रकार अवधारित सकल उपलब्धियों से जितनी अधिक हों, उतनी राशि; या

(ii) इस प्रकार अवधारित सकल उपलब्धियों से चार हजार रुपये की रकम जितनी अधिक हो, उतनी राशि ; या

(iii) सुसंगत प्रवर्ग के लिये प्रथम अनुसूची की मद 4 में या द्वितीय अनुसूची की मद 5 में या तृतीय अनुसूची की मद 5 में यथा-विनिर्दिष्ट अधिकतम वैयक्तिक वेतन की राशि ।

(ख) वैयक्तिक वेतन की राशि, आधारी वेतन में नियतन की तारीख के पश्चात् जब-जब वेतनवृद्धियां मंजूर की जायें-तब-तब कम नहीं होगी, किन्तु वैयक्तिक वेतन इस शर्त के अधीन होगा कि अधिकारी को आधारी वेतन, महंगाई भत्ता, गृह भाटक भत्ता, नगर प्रतिकरात्मक भत्ता और व्यक्तिगत वेतन का योग, किसी भी आयाम पर, चार हजार रुपये प्रतिमास से अधिक नहीं हो । उपलब्धियों के ऐसे योगफल को चार हजार रुपये प्रतिमास से अधिक न होने देने के लिये जहां आवश्यक हो वहां वैयक्तिक वेतन उतना ही कम कर दिया जायेगा।

7. प्रोन्नति की दशा में वेतन का नियतन :--जहां कोई अधिकारी जिसका वेतन इस स्कीम के अधीन नियत किया गया है, इस स्कीम के आरम्भ से पूर्व उच्चतर पद पर प्रोन्नत हो गया था या प्रोन्नति के पद में उसका आधारी वेतन प्रोन्नति से पूर्व उसके द्वारा धारण किये गये पद में उसके आधारी वेतन के बराबर है तो प्रोन्नति के पद में उसका आधारी वेतन नए वेतनमान में उसके ठीक उच्चतर आयाम पर नियत किया जायेगा :--

8. वेतनवृद्धियां :--(1) नए वेतनमान में वेतनवृद्धियां प्रति कलेण्डर वर्ष में उस समय के प्रथम दिन को, जिस मास में विद्यमान वेतनमान में वेतन नियत किये जाने के पूर्व अन्तिम वेतनवृद्धि मंजूर की गई थी, या अगले उस मास के जिसमें वह धारित पद में बारह मास की निरन्तर सेवा पूरी करता है, दोनों में से जो भी पूर्वतर हो प्रथम दिन शोध्य होगी ।

(2) जहां वेतनवृद्धि, वेतन के नियतन की तारीख को शोध्य हो वहां नया वेतनमान अधिकारी द्वारा अपने विद्यमान वेतनमान में ली गई वार्षिक वृद्धि यदि कोई हो, के पश्चात् वेतन के आधार पर लागू किया जायेगा ।

9. भविष्य निधि :--प्रत्येक अधिकारी अपने आधारी वेतन का, जिसमें व्यक्तिगत वेतन, यदि कोई हो, सम्मिलित है, 8½ प्रतिशत का अभिदाय भविष्य निधि में करेगा जिसके साथ, यथास्थिति, निगम या कम्पनी द्वारा भी उतना ही अभिदाय किया जायेगा।

10. उपदान का संदाय:--(1)(क) निगम या कम्पनी में, या दोनों में, कम से कम पांच वर्ष निरन्तर सेवा के पश्चात् (जिसके अन्तर्गत उस बीमाकर्ता के साथ या पूर्ववर्ती नियोजक के साथ, जिसकी सेवा में अधिकारी 31 दिसम्बर, 1972 को कार्यरत था, की गई निरन्तर सेवा भी है) किसी अधिकारी के नियोजन की समाप्ति पर निम्नलिखित दशाओं में उपदान संदेय होगा :--

(i) उसकी अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति होने पर, या

(ii) उसकी सेवानिवृत्ति होने पर या उसके द्वारा त्यागपत्र किये जाने पर; या

(iii) उसकी मृत्यु पर या दुर्घटना अथवा बीमारी के कारण असमर्थता पर; या

(iv) नियम या कम्पनी द्वारा उसकी सेवा पर्यवसित किये जाने पर, चाहे वह किसी भी कारण से क्यों न हो; या

(v) कर्मचारिवृन्द में कमी करने या स्थापन का पुनर्गठन के कारण उसकी सेवायें समाप्त करने पर;

परन्तु उस दशा में पांच वर्ष की निरन्तर सेवा पूरी होना आवश्यक नहीं होगा जहां अधिकारी के नियोजन की समाप्ति मृत्यु या असमर्थता के कारण हो ।

स्पष्टीकरण :--इस पैरा के प्रयोजनों के लिये "असमर्थता" से ऐसी असमर्थता अभिप्रेत है जिसके कारण कर्मचारी वह कार्य करने से सर्वथा असमर्थ हो जाये जो वह, उस दुर्घटना या बीमारी के पूर्व जिसके परिणामस्वरूप वह असमर्थता हुई है, निर्वहन करने में समर्थ था।

(ख) सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष या उसके ऐसे भाग के लिये जो छह मास से अधिक हो, अधिकारी को उपदान नीचे विनिर्दिष्ट दरों पर संदत्त किया जायेगा, अर्थात् :--

सेवा के पूर्ण वर्षों की संख्या	सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिये उपदान की दर
1	2
5 वर्ष से 11 वर्ष तक	अन्तिम बार किये गये आधारी वेतन का 50 प्रतिशत ।
12 वर्ष	अन्तिम बार किये गये आधारी वेतन का 60 प्रतिशत ।
13 वर्ष	अन्तिम बार किये गये आधारी वेतन का 70 प्रतिशत ।
14 वर्ष	अन्तिम बार किये गये वेतन आधारी का 80 प्रतिशत ।
15 वर्ष या उससे अधिक	अन्तिम बार किये गये आधारी वेतन का 100 प्रतिशत ।

परन्तु जहां कोई ऐसा कर्मचारी जिसे साधारण बीमा (पर्यवेक्षी, लिपिकीय और अधीनस्थ कर्मचारिवृन्द के वेतनमानों और सेवा की अन्य शर्तों का सुव्यवस्थीकरण और पुनरीक्षण) स्कीम, 1974 लागू होती है, 1 जनवरी, 1975 को या उसके पश्चात् अधिकारी के रूप में प्रोन्नत किया जाए, वहां उसे उक्त स्कीम के अधीन अनुज्ञेय राशि से कम उपदान संदत्त नहीं किया जाएगा ।

(2) जहां अन्तिम बार लिया गया आधारी वेतन 2,500 रुपये से अधिक हो, उपदान 2,500 रुपये के आधार पर अवधारित किया जायेगा ।

(3) अधिकारी को देय उपदान की रकम बीस मास के अन्तिम बार किये गये आधारी या वेतन 30,000 रुपये, दोनों में से जो भी कम हो, अधिक नहीं होगी ।

(4) ऊपर अभिकथित किसी बात के होते हुए भी, इस पैरा के अन्तर्गत देय उपदान किसी भी दशा में उस उपदान से कम नहीं होगा जिसका कि अधिकारी उसे लागू और 1 जनवरी, 1973 से ठीक प्रवृत्त सेवा की शर्तों के अधीन 31 दिसम्बर, को हकदार हो गया था ।

(5) जो निगम या कम्पनी के अधिकारियों को अनुज्ञेय उपदान की रकम पर धारणाधिकार के अधीन रहते हुए यथास्थिति, निगम या कम्पनी अधिकारी को या उसके नामनिर्देशिती या नामनिर्देशितियों को, या यदि कोई नामनिर्देशन न किया गया हो अथवा विद्यमान न हो तो उसके उत्तराधिकारियों को, इस पैरा के अधीन अनुज्ञेय उपदान की रकम देगी ।

(6) ठीक पूर्ववर्ती उप पैरा में किसी बात के होते हुए भी—

(क) जहां किसी ऐसे अधिकारी पर—

(i) जो उसके नियोजन के अनुक्रम में किये गये किसी अपराध के लिये सिद्धदोष पाया गया है, या जिस अपराध में यथास्थिति , निगम या कम्पनी की राय में नैतिक अधमता अन्तर्वलित है, या

(ii) जिसे प्रबन्ध वर्ग या अन्य अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध हिंसा के किसी कार्य के लिये या नियोजन के स्थान में या उसके निकट दंगा करने या विशृंखल व्यवहार के लिये,

पदच्युत किये जाने की शास्ति अधिरोपित की जाये, उसे देय उपदान पूर्णतया समपहृत हो जायेगा, और

(ख) जहां अधिकारी पर निगम को या कम्पनी को या दोनों को वित्तीय हानि पहुंचाने के किसी कार्य के लिये अनिवार्य सेवा-निवृत्ति, सेवा से हटाये जाने, या पदच्युत किये जाने की शास्ति अधिरोपित की जाये, उसे देय उपदान हानि की सीमा तक समपहृत हो जायेगा ।

11. उद्भूत पेंशन का संरक्षण.—(1) इस स्कीम में सम्मिलित किसी बात का किसी पेंशन के संदाय पर, जिसमें 1 जनवरी, 1973 को यथाप्रवृत्त पेंशन या अधिवर्षिता स्कीम के अनुसरण में किसी अधिकारी को उद्भूत कटुम्ब पेंशन या अधिवर्षिता फायदे भी हैं, कोई प्रभाव नहीं होगा ।

(2) (क) उप पैरा (1) के अधीन देय रकम विद्यमान वेतनमान में 1-12-1972 को लिये गये वेतन पर और निरन्तर सेवा के वर्षों की संख्या के आधार पर ऐसे अवधारित की जायेगी मानो अधिकारी 1 जनवरी, 1973 के पूर्व सेवानिवृत्त हुआ था ।

(ख) खण्ड (क) के अधीन अवधारित रकम अधिकारी को उसकी सेवानिवृत्ति पर अथवा उसके सेवा में न रहने पर देय होगी तथा पेंशन उस तारीख से आरम्भ होगी जिसको कि वह सुसंगत पेंशन या सेवा-निवृत्ति स्कीम के अनुसार सामान्यतया आरम्भ होती ।

12. अन्तरण:—कम्पनी का अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक किसी भी समय किसी भी अधिकारी का, कम्पनी के एक विभाग से कम्पनी के दूसरे विभाग में या कम्पनी के एक कार्यालय से कम्पनी के दूसरे कार्यालय में, उसी स्थान पर अथवा किसी अन्य स्थान पर, स्थानान्तरण कर सकता है ।

13. महंगाई भत्ते में फेरफार करने की शक्ति:—यदि केन्द्रीय सरकार यह आवश्यक और समीचीन समझती है तो वह, आदेश द्वारा, द्वितीय अनुसूची की मद ii के नीचे सारणी के स्तम्भ (7) में या तृतीय अनुसूची की मद ii के नीचे सारणी के स्तम्भ (7) में विनिर्दिष्ट महंगाई भत्ते की रकम में फेरफार कर सकती है और प्रत्येक ऐसा आदेश इस स्कीम की संशोधनकारी स्कीम समझा जायेगा ।

14. निर्वचन:—जहां इस स्कीम के उपबन्धों में से किसी के निर्वचन की बाबत कोई संदेह या कठिनाई उत्पन्न हो, वह केन्द्रीय सरकार के विनिश्चय के लिये निर्विष्ट की जायेगी और उस पर केन्द्रीय सरकार का निश्चय सम्बन्धित व्यक्ति पर बाध्यकारी होगा ।

15. शिथिल करने की शक्ति:—जहां बोर्ड का समाधान हो जाये कि इस स्कीम के उपबन्धों में से किसी के परिवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होगी, वहां वह आदेश द्वारा और ऐसे कारणों से जो लेखबद्ध किये जायेंगे, उस उपबन्ध की अपेक्षाओं का, ऐसे विस्तार तक और ऐसे अपवादों और शर्तों के अधीन रहते हुए जैसे कि वह उस मामले में उचित और सामान्यतापूर्ण रीति से निपटारे के लिये आवश्यक समझता हो, त्याग सकता है या उन्हें शिथिल कर सकता है ।

16. अन्य फायदे:—कोई अधिकारी ऐसे किसी फायदे का हकदार नहीं होगा जो इस स्कीम द्वारा न दिया जाये ।

17. अध्यारोही प्रभाव:—तत्समय प्रवृत्त नियुक्ति के किन्हीं निबन्धनों, करार, पंचाट या अन्य लिखत में किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, इस स्कीम के उपबन्ध प्रभावी होंगे ।

प्रथम अनुसूची

(पैरा 3 और 6 देखिए)

I. वेतनमान (आधारी वेतन)—

(1) अध्यक्ष— 3500-125-4000 रुपये

(2) प्रबन्ध निदेशक या अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक 3000-125-3500 रुपये

II. गृह भाटक भत्ता —300 रुपये प्रतिमास

III. नगर प्रतिकरात्मक भत्ता—75 रुपये प्रतिमास

IV. अधिकतम वैयक्तिक वेतन—700 रुपये प्रतिमास

द्वितीय अनुसूची

(पैरा 3, 6 और 13 देखिए)

I. वेतनमान (आधारी वेतन)

(1) साधारण प्रबन्धक :
2500-125-3000 रु०

(2) सहायक साधारण प्रबन्धक :
2000-125-2500 रु०

(3) प्रबन्धक :

1600-100-2000-125-2250 रु०

(4) उप-प्रबन्धक :

1250-50-1300-75-1600-100-2000 रु०

(5) सहायक प्रबन्धक :

1000-50-1300-75-1675 रु०

(6) प्रशासनिक अधिकारी :

770-40-1050-50-1300 रु०

(7) सहायक प्रशासनिक अधिकारी :

530-40-1050 रु०

II. मंहगाई भत्ता :

इस अनुसूची के अन्तर्गत अधिकारियों का मंहगाई भत्ता नीचे सारणी में दिए अनुसार होगा।

सारणी

निम्नलिखित अवधियों के दौरान देय मंहगाई भत्ते

आधारी वेतन	1-2-73 से 31-7-73	1-8-73 से 31-10-73	1-11-73 से 31-1-74	1-2-74 से 30-4-74	1-5-74 से 31-7-74	1-8-74 से आगे
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
530	370	430	490	550	580	670
570	380	440	500	560	590	680
610	430	510	590	670	710	830
650	430	510	590	670	710	830
690	440	520	600	680	720	840
730	460	540	620	700	740	860
770	450	530	610	690	730	850
810	450	490	610	690	730	850
850	450	490	610	690	730	850
890	450	490	610	690	730	850
930	435	475	595	675	715	835
970	435	475	595	675	715	835
1000	435	475	595	675	715	835
1010	420	460	580	660	700	820
1050	420	460	580	660	700	820
1100	420	460	580	660	700	820
1150	405	445	565	645	685	805
1200	405	445	565	645	685	805
1250	390	430	550	630	670	790
1300	340	430	550	580	670	790
1375	285	405	525	525	645	765
1450	275	395	515	515	635	755
1525	275	395	515	515	635	755
1600	275	395	515	515	635	755
1675	230	350	470	470	590	710
1700	190	285	405	405	525	525
1800	190	190	305	305	425	425
1900	150	150	165	165	285	285
2000	150	150	150	150	185	185
2125	100	100	100	100	100	100
2250	100	100	100	100	100	100
2250 से ऊपर			—शून्य—			

III. गृह भाटक भत्ता :

गृह भाटक भत्ता प्रतिमास निम्नलिखित दरों पर देय होगा :

(क) 750 रु० तक आधारी वेतन के लिए.....आधारी वेतन का 15 प्रतिशत।

(ख) 750 रु० से अधिक आधारी वेतन के लिए.....ऐसे आधिक्य का 10 प्रतिशत।

परन्तु किसी अधिकारी को देय अधिकतम गृह भाटक भत्ता 300 रु० प्रतिमास से अधिक नहीं होगा और न्यूनतम गृह भाटक भत्ता 75 रु० प्रतिमास से कम नहीं होगा।

IV. नगर प्रतिकरात्मक भत्ता :

नगर प्रतिकरात्मक भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :

निम्नलिखित आस्थानों पर पदस्थ सभी अधिकारियों के लिए	नगर प्रतिकरात्मक भत्ते की दर	
(क) मुम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, मद्रास और नई दिल्ली	आधारी वेतन का 8 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 75 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से प्रभावी
(ख) (i) अहमदाबाद, बंगलौर	आधारी वेतन का 6 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 50 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से 31-10-73 तक प्रभावी
(ii) अहमदाबाद, बंगलौर और कल्याणी (कलकत्ता)	आधारी वेतन का 8 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 75 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से प्रभावी
(ग) कानपुर, लखनऊ, नागपुर और पूना	आधारी वेतन का 6 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 50 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से प्रभावी
(घ) आगरा, इलाहाबाद, अमृतसर, बड़ौदा, कोचीन, कोयम्बतूर, इंदौर, जबलपुर, जयपुर, मदुरई, पटना शोलापुर, श्रीनगर, सूरत, त्रिवन्द्रम, वाराणसी।	740 रु० के आधारी वेतन तक 10 रुपए।	1-1-73 से प्रभावी
(ङ) धनबाद, ग्वालियर, जमशेदपुर, लुधियाना, सालेम, सिवनी, तिरुचिरापल्ली।	740 रु० के आधारी वेतन तक 10 रु०।	1-1-73 से प्रभावी

V. अधिकतम वैयक्तिक वेतन :

पैरा 6 के उप-पैरा (3) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (iii) में निर्दिष्ट वैयक्तिक वेतन नीचे दिए अनुसार अधिकतम रकम तक सीमित होगा।

अधिकारियों का प्रवर्ग	अधिकतम वैयक्तिक वेतन
(क) साधारण प्रबन्धक	700 रुपए प्रतिमास
(ख) सहायक साधारण प्रबन्धक	700 रुपए प्रतिमास
(ग) प्रबन्धक	500 रुपए प्रतिमास
(घ) उप-प्रबन्धक	500 रुपए प्रतिमास
(ङ) सहायक प्रबन्धक	500 रुपए प्रतिमास
(च) प्रशासनिक अधिकारी	300 रुपए प्रतिमास
(छ) सहायक प्रशासनिक अधिकारी	300 रुपए प्रतिमास

तृतीय अनुसूची

(पैरा 3, 6 और 13 देखिए)

1. वेतनमान (आधारी वेतन)—

कनिष्ठ अधिकारी :

460-35-530-40-890 रुपए।

II. महंगाई भत्ता :

इस अनुसूची के अधीन देय महंगाई भत्ता नीचे की सारणी में दिए गए अनुसार होगा।

सारणी

निम्नलिखित अवधियों के दौरान देय महंगाई भत्ते

आधारी वेतन	1-2-73 से 31-7-73	1-8-73 से 31-10-73	1-11-73 से 31-1-74	1-2-74 से 30-4-74	1-5-74 से 31-7-74	1-8-74 से आगे
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
460	321	373	425	477	503	582
495	346	402	458	514	542	626
530	370	430	490	550	580	670
570	380	440	500	560	590	680
610	430	510	590	670	710	830
650	430	510	590	670	710	830
690	440	520	600	680	720	840
730	460	540	620	700	740	860
770	450	530	610	690	730	850
810	450	490	610	690	730	850
850	450	490	610	690	730	850
890	450	490	610	690	730	850

III. गृह भाटक भत्ता

गृह भाटक भत्ता प्रतिमास निम्नलिखित दरों पर देय होगा :

(क) 750 रु० तक आधारी वेतन के लिए.....आधारी वेतन का 15 प्रतिशत।

(ख) 750 रु० से अधिक आधारी वेतन के लिए.....ऐसे आधिक्य का 10 प्रतिशत।

परन्तु यह है कि किसी अधिकारी को देय अधिकतम गृह भाटक भत्ता 300 रुपए प्रतिमास से अधिक नहीं होगा।

IV. नगर प्रतिकरात्मक भत्ता :

नगर प्रतिकरात्मक भत्ता निम्नलिखित दरों पर देय होगा :

निम्नलिखित अवस्थानों पर पदस्थ सभी अधिकारियों के लिए	नगर प्रतिकरात्मक भत्ते की दर	
(क) मुम्बई कलकत्ता, हैदराबाद, मद्रास और नई दिल्ली	आधारी वेतन का 8 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 75 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से प्रभावी
(ख) (i) अहमदाबाद बंगलौर	आधारी वेतन का 6 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 50 रुपए प्रतिमास।	1-1-73 से 31-10-73 तक प्रभावी
(ii) अहमदाबाद बंगलौर और कल्याणी (कलकत्ता)	आधारी वेतन का 8 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 75 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से प्रभावी
(ग) कानपुर नागपुर और पूना	आधारी वेतन का 6 प्रतिशत किन्तु अधिक से अधिक 50 रु० प्रतिमास।	1-1-73 से प्रभावी
(घ) आगरा, इलाहाबाद, अमृतसर, बड़ौदा, कोयम्बतूर इंदौर जबलपुर, जयपुर, मदुराई, पटना शोलापुर श्रीनगर सूरत, त्रिवेन्द्रम, वाराणसी।	740 रु० के आधारी वेतन तक 10 रुपए।	1-1-73 से प्रभावी
(ङ) धनबाद ग्वालियर, जमशेदपुर, लुधियना, सालेम, सिवरी, तिरुचिरापल्ली	740 रु० के आधारी वेतन तक 10 रुपए।	1-1-73 से प्रभावी

अधिकतम वैयक्तिक वेतन--

पैरा 6 के उप-पैरा (3) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (iii) में निर्दिष्ट वैयक्तिक वेतन नीचे दी गई रकम तक सीमित होगा :

अधिकारियों का प्रवर्ग	अधिकतम वैयक्तिक वेतन
कनिष्ठ अधिकारी	300 रुपए प्रतिमास

[(सं० फा० 65(5)-बीमा III/7/75]

जी० एच० दामले, बीमा नियंत्रक तथा पदेन संयुक्त सचिव

(राजस्व और बीमा विभाग)

सीमा-शुल्क

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर, 1975

का. आ. 5243.—केन्द्रीय सरकार, सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 (1962 का 52) की धारा 152 के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निदेश देती है कि उक्त अधिनियम की धारा 61 के प्रथम परन्तुक खण्ड (2) के अधीन केन्द्रीय उत्पाद शुल्क और सीमा-शुल्क बोर्ड की शक्तियों का प्रयोग हर सीमा-शुल्क कलक्टर भी कर सकेंगी :

परन्तु उक्त खण्ड के अधीन सीमा-शुल्क कलक्टर द्वारा बढ़ाई गई अवधि, चार वर्ष की अवधि के बाद एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

[सं. 100/75 सी. शु. फा. सं. 473/250/75 सी. शु. 7]

यू. के. सेन, अवर सचिव

(Department of Revenue and Insurance)

CUSTOMS

New Delhi, the 5th December, 1975

S.O. 5243.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of section 152 of the Customs Act, 1962 (52 of 1962), the Central Government hereby directs that the powers of the Central Board of Excise and Customs under clause (ii) of the first proviso to section 61 of the said Act shall be exercisable also by every Collector of Customs :

Provided that the period extended by the Collector of Customs under the said clause shall not exceed one year beyond the period of four years.

[No. 100/75-Customs/F. No. 473/250/75-Cus. VII]

U. K. SEN, Under Secy.

(बैंकिंग विभाग)

नई दिल्ली, 15 नवम्बर, 1975

का० आ० 5244.—यतः बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 52 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार बैंककारी विनियमन (कम्पनी) नियम, 1949 में और आगे संशोधन करने के लिए कुछ प्रारूप नियम, भारत सरकार के वित्त मंत्रालय (बैंकिंग विभाग) की 28 दिसम्बर, 1974 की अधिसूचना संख्या का० आ० 12 के अधीन 4 जनवरी, 1975 के भारत के राजपत्र भाग 2 खण्ड, 3, उपखण्ड (2) में पृष्ठ 8 से 23 पर प्रकाशित किये गये थे और जो व्यक्ति इससे प्रभावित होने हों, उनसे 31 जुलाई, 1975 तक आपत्तियां और सुझाव मांगे गये थे;

और यतः उक्त राजपत्र जनता को 6 फरवरी, 1975 को सुलभ कर दिया गया था;

और यतः उक्त प्रारूप पर जनता से प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जा चुका है;

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 52 की उप धारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक से परामर्श के पश्चात्, एतद्द्वारा बैंककारी विनियमन (कम्पनी) नियम 1949 में और आगे संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. इन नियमों का नाम बैंककारी विनियमन (कम्पनी) संशोधन नियम, 1975 है।

2. बैंककारी विनियमन (कम्पनी) नियम, 1949 में, जिन्हें आगे उक्त नियम कहा गया है "बैंककारी कम्पनी अधिनियम 1949" और "बैंककारी प्रचालन विभाग" शब्दों और अंकों के स्थान पर, जहां कहीं भी वे आए हों, "बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949" और "बैंककारी प्रचालन और विकास विभाग" शब्द और अंक रखे जाएंगे।

3. उक्त नियमों के नियम 2 में, उपनियम (i) में, खंड (च) में :—

(क) उपखंड (iv) में, अन्त में आने वाले "और" शब्द का लोप कर दिया जाएगा;

(ख) इस प्रकार संशोधित उपखंड (iv) के पश्चात्, निम्नलिखित उपखंड अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(v) बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 3 के अधीन गठित तत्स्थानी नए बैंक की दशा में, उस तारीख से, जिस तारीख को बैंककारी विनियमन (कम्पनी) संशोधन नियम, 1975 राजपत्र में प्रकाशित किए जाते हैं;"

(ग) उपखंड (v) को उपखंड (iv) के रूप में पुनः संख्यांकित किया जाएगा;

(घ) परन्तुक में, "(iii) और (iv)" कोष्ठकों, अंकों और शब्द के स्थान पर "(iii) से (v) तक कोष्ठक, अंक और शब्द, जिसमें दोनों सम्मिलित हैं," रखे जाएंगे।

4. उक्त नियमों के नियम 2क के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

